वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 270 बुधवार 25 जनवरी 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## मेयर सौम्या के सामने लगे गो-बैक के नारे

### जयपुर नगर निगम ग्रेटर में कांग्रेसी पार्षद ने किया विरोध; टेबल-कुर्सी पर चढ़े

**जयपुर. कासं**

जयपुर नगर निगम ग्रेटर की मेयर सौम्या गुर्जर का कांग्रेसी पार्षदों और उनके समर्थकों ने विरोध किया। मेयर के सामने टेबल पर चढ़कर गो-बैक के नारे लगाए। 20 मिनट तक नारेबाजी होती रही और मेयर बैठी रही। घटना मंगलवार को मालवीय नगर जोन ऑफिस में जनसुनवाई के समय हुआ। दरअसल, मेयर जब मालवीय नगर जोन ऑफिस पहुंची तो वहां वार्ड 134 से कांग्रेस के पार्षद करण शर्मा अपने समर्थकों के साथ पहुंचे। जहां मेयर के आते ही पार्षद और उनके समर्थकों ने नारेबाजी शुरू कर दी। मेयर सौम्या गुर्जर ने उनके विरोध को नजरअंदाज किया और वहां से वे सीधे जनसुनवाई के लिए जोन ऑफिस के हॉल में चली गई। यहां मेयर के सामने जब पार्षद शर्मा और उनके समर्थक विरोध करने लगे तो वहां मौजूद अधिकारियों-कर्मचारियों और सुरक्षा में तैनात जवानों ने उन्हें रोका। सुरक्षा जवानों के रोकने पर शर्मा और उनके समर्थक और नाराज हो गए। उन्होंने मेयर के सामने टेबल-कुर्सी पर चढ़कर नारेबाजी शुरू कर दी। करीब 15-20 मिनट चले इस विरोध प्रदर्शन के बाद सुरक्षाकर्मियों ने विरोध कर रहे लोगों को जनसुनवाई हॉल से बाहर निकाला और मामला शांत करवाया।



### पार्षदों की नहीं हो रही सुनवाई

मीडिया से बात करते हुए शर्मा ने बताया- हम लंबे समय से मेयर और अधिकारियों से शहर में अवैध पशु डेयरी पर कार्रवाई करने और वार्डों में सफाई व्यवस्था ठीक करवाने की मांग कर रहे हैं। मेयर हमारी शिकायतों पर कोई सुनवाई नहीं कर रही। अधिकारी भी मेयर के इशारों पर ही काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज आवारा पशुओं के कारण शहर में आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है, लेकिन उन पशुओं को पकड़ने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की जा रही।

### मेयर बोली जहां विरोध, वहां ज्यादा करूंगी जनसुनवाई

मेयर सौम्या गुर्जर का कहना है कि विरोध करना जनप्रतिनिधियों का हक है। अगर किसी पार्षद को मुझसे या सिस्टम से समस्या है तो उसे मैं दूर करने का प्रयास करूंगी। मैंने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि जो पार्षद विरोध कर रहे हैं। उनके यहां ज्यादा से ज्यादा जनसुनवाई के कार्यक्रम रखे जाए, ताकि उनकी समस्याओं को हम सुनकर उनका समाधान कर सके। उन्होंने कहा- जो लोग आज विरोध करने आए थे, उनमें से कुछ लोगों से जब मैंने बात की और उनकी समस्याएं जाननी चाही तो उन लोगों ने किसी तरह की समस्या न होने की बात कही।

## बंद किए गए 7 लाख मोबाइल कनेक्शन

**जयपुर. कासं**

राजस्थान में 7 लाख मोबाइल कनेक्शन बंद कर दिए गए हैं। इनमें से 6.28 लाख कनेक्शन काफी समय से यूज में नहीं लिए जा रहे थे। वहीं, 60 हजार से ज्यादा कनेक्शन केवल अलवर-भरतपुर बेल्ट के मेवात एरिया के बताए जा रहे हैं। जो ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराध से जुड़े थे। इन पर कंट्रोल के लिए पुलिस और दूरसंचार विभाग की टीम लगातार कार्यवाही कर रही थी। इसके बावजूद मामले कम नहीं हो रहे थे। आखिर सभी नंबर बंद कर गिए गए हैं। ये सभी नंबर फर्जी आईडी के जरिए उठाए गए थे। टेलीकॉम विभाग के अधिकारियों के मुताबिक मेवात क्षेत्र में पहाड़ी, जुहररा, नगर, सिकरी, खो, कैथवाड़ा, गोपालगढ़, कामां थाना क्षेत्र में बड़ी संख्या में मोबाइल कनेक्शन बंद किए गए हैं। जिन हैंडसेट में मोबाइल सिम उपयोग की गई। उनमें से 74131 को भी ब्लॉक कर दिया है। इनके आईईएमआई नम्बर बंद कर दिए हैं। अधिकारियों के मुताबिक जो नंबर लम्बे समय से उपयोग में नहीं थे ऐसे करीब 6.28 लाख कनेक्शन थे, जिन्हें बंद किया गया। इसके अलावा मेवात क्षेत्र में बिना वेरीफिकेशन करवाए करीब 60 हजार कनेक्शन चल रहे थे, जिन्हे बंद किया गया। वहीं, एक ही फोटो से कई फर्जी कनेक्शन लेने के मामले में 12 हजार से ज्यादा कनेक्शन बंद किए गए हैं।

## समर्थकों के साथ जयपुर पहुंचे सांसद किरोड़ीलाल

### पुलिस ने रोका किरोड़ी का काफिला, तो जयपुर-आगरा हाईवे पर धरने पर बैठे मीणा

**जयपुर. कासं**

राजस्थान में प्रतियोगी परीक्षा में हुई धांधली के खिलाफ विधानसभा घेराव के लिए सांसद किरोड़ी लाल अपने हजारों समर्थकों के साथ जयपुर पहुंच गए हैं। मीणा को जयपुर पुलिस ने घाट की गुनी टनल से पहले ही रोक लिया है। जहां मीणा बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ जयपुर-आगरा हाईवे पर ही धरने पर बैठ गए हैं। किरोड़ी ने कहा कि आज सदन में सरकार ने पेपर लीक प्रकरण की CBI जांच देने से माना कर दिया जबकि पेपर लीक मामले में ही सरकार ने अपने जरोली और दूसरे बड़े अधिकारियों को हटाया था। ऐसे में जब तक पेपर लीक प्रकरण की CBI जांच नहीं दी। तब तक हम यहीं धरने



पर बैठे रहेंगे। मीणा ने कहा कि 16 से ज्यादा भर्ती परीक्षा पेपर लीक कि वजह से रद्द हो चुकी है। जिससे प्रदेश के हजारों युवाओं का भविष्य खतरे में आ गया है। ऐसे में इस पेपर लीक प्रकरण की सिर्फ CBI से जांच होनी चाहिए क्योंकि नकल प्रकरण में मंत्री, विधायक, अधिकारी और कांग्रेस के पदाधिकारी भी शामिल हैं। यहीं कारण है कि CM गहलोत खुद ही अपनी सरकार और राजनेताओं के पेपर लीक प्रकरण में क्लीन चीट दें रहे है क्योंकि उन्हें भी पता है अगर पेपर लीक प्रकरण कि जाँच CBI ने शुरू की तो इससे कांग्रेस सरकार की असलियत जनता के सामने आ जाएगी। मीणा ने कहा कि राजस्थान में बाहर के राज्यों के लोगों को नौकरी दी जा रही है। इससे राजस्थान के युवाओं की नौकरी के अवसर कम हो रहे हैं। बाहरी राज्यों के लोग राजस्थान आकर हमारे युवाओं की नौकरी खा रहे हैं। ऐसे में सरकार को ठोस कानून बनाते हुए। इसे पूरी तरह बंद करना चाहिए। मीणा ने कहा- सुरेश ढाका जयपुर में लंबे समय से कोचिंग चला रहा है। इससे पहले भी भर्ती परीक्षा में हुई धांधली और पेपर लीक के मामलों में उसका संबंध था। रसूख की वजह से पुलिस ने उस पर कोई कार्रवाई नहीं की। इससे उसके हौसले और बुलंद हो गए। इसके बाद उसने अपने साथियों के साथ पूरा नकल गिरोह तैयार कर लिया।

# मेवाड़ प्रेस क्लब द्वारा पेंशनर्स समाज भवन में होगी काव्य गोष्ठी

## 74 वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर होगा आयोजन

**निंबाहेड़ा. शाबाश इंडिया।** मेवाड़ प्रेस क्लब के तत्वाधान में 25 जनवरी बुधवार को पेंशनर्स समाज भवन में शाम को 7:30 बजे राष्ट्रीयता से ओतप्रोत काव्य गोष्ठी का आयोजन रखा गया है। क्लब के महामंत्री मनोज सोनी ने बताया कि 74 वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर उक्त काव्य गोष्ठी में विभिन्न कवि और कवयित्रियों द्वारा राष्ट्रीयता से ओतप्रोत काव्य रचनाओं की प्रस्तुति रखी जाएंगी। क्लब के कोषाध्यक्ष अमित खंडेलवाल ने बताया कि काव्य गोष्ठी से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और उक्त आयोजन को लेकर कवि, साहित्यकारों, पत्रकारों और साहित्य प्रेमियों में उत्साह है। क्लब के संगठन मंत्री एस.एस. अग्रवाल ने बताया कि उक्त आयोजन क्लब के संरक्षक मानवेंद्र सिंह चौहान, अध्यक्ष मदननाथ सोनीगरा, उपाध्यक्ष रजनीश गोठवाल, सचिव राकेश पहाड़िया, कार्यालय मंत्री रजनीश आमेटा व प्रवक्ता नरेश मेनारिया की अगुवाई में आयोजित होगा।

# इंडियन फेडरेशन ऑफ जनरल इंश्योरेंस एजेंट्स एसोसिएशन की बैठक सम्पन्न




**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया।** इंडियन फेडरेशन ऑफ जनरल इंश्योरेंस एजेंट्स एसोसिएशन राजस्थान रिजन की मेवाड़ यूनिट की मीटिंग भीलवाड़ा में सी के बिड़ला हॉस्पिटल, जयपुर के सहयोग से आयोजित की गई जिसमे भीलवाड़ा, चित्तौड़, उदयपुर, राजसमन्द, विजयनगर, गुलाबपुरा से सरकारी व गैर सरकारी बीमा कंपनियों के 90-100 अभिकर्ता उपस्थित हुए। संगठन के रिजन अध्यक्ष रविन्द्र गौड़ ने बताया कि मीटिंग में संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़, राष्ट्रीय सचिव सुधीर गुप्ता भी उपस्थित हुए और साधारण बीमा क्षेत्र में होने वाले परिवर्तन व समस्याओं के बारे में अवगत कराया। साथ ही मीटिंग में सी के बिरला हॉस्पिटल के वरिष्ठ मस्तिष्क एवं स्पाइन सर्जन डॉ. संजीव सिंह ने ब्रेन स्ट्रोक पर चर्चा की।

# ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कोटा टीम ने जीते पदक

**कोटा. शाबाश इंडिया**

राजस्थान प्रदेश के भीलवाड़ा ज़िले में 30 वी सब जूनियर 7 वी कैडेट एंड 31 वी सीनियर राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित की गई। कोटा डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो अकैडमी के अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि 20 से 22 जनवरी भीलवाड़ा प्रज्ञा भवन में ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमे सब जूनियर मे स्वर्ण पदक रिदम शर्मा, राजकुमार राठौर और कृष्णवी गुर्जर ने प्राप्त किया।वंशिका नामा, मनमित सिंह, खुशी विज्यवर्गीय, ऋतु चौधरी ने सिल्वर और इंद्रजीत सिंह, लविष्का राठौर, आराध्य गुप्ता ने ब्रांज मेडल प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में पदक विजेता आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस अवसर पर लाडपुरा विधायक कल्पना देवी ने सभीं खिलाड़ियों को बधाई दी।




# भामाशाह अशोक पाटनी को जन्मदिन पर स्मृति चिन्ह भेंट कर दी शुभकामना



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** आर के मार्बल ग्रुप के चेयरमैन भामाशाह अशोक पाटनी को उनके जन्मदिन पर श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्थान सांगानेर की ओर से अध्यक्ष शांति कुमार जैन, कार्याध्यक्ष प्रमोद जैन पहाड़िया, मंत्री सुरेश कासलीवाल, कोषाध्यक्ष ऋषभ जैन एवं दैनिक समाचार जगत के सम्पादक शैलेंद्र गोधा ने सी स्कीम स्थित आर के हाउस में उपस्थित होकर ''तेल चित्र ( पाटनी जी का पोर्ट्रेट) एवं स्मृति चिन्ह'' भेट कर शुभकामना दी तथा उनके मंगल व दीर्घायु की कामना की ।



# प्रागैतिहासिक अतिशय क्षेत्र नवागढ़ कमेटी के चुनाव संपन्न

## अरनाथ महामंडल विधान में उमड़े श्रद्धालु

## एडवोकेट सनत जैन अध्यक्ष, वीरचन्द्र जैन बने महामंत्री

**ललितपुर. शाबाश इंडिया**





जनपद के महरौनी विकासखंड में सोजना के पास स्थित प्रागैतिहासिक दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र नवागढ़ क्षेत्र में सकल दिगंबर जैन समाज के समक्ष प्रागैतिहासिक अतिशय क्षेत्र नवागढ़ के पदाधिकारियों का मनोनयन सानंद संपन्न हुआ। पदाधिकारियों में सनत कुमार जैन एडवोकेट ललितपुर अध्यक्ष ,कपूरचंद जैन डूंडा , प्रकाश चंद जैन बबलू बड़ागांव उपाध्यक्ष, महामंत्री वीरचंद जैन नेकोरा (पूर्व ग्राम प्रधान), संयुक्त मंत्री अशोक जैन मैनवार एवं राकेशकुमार जैन ककरवाहा, प्रचार मंत्री डॉ सुनील जैन संचय ललितपुर एवं धीरेंद्र कुमार जैन बड़ागांव, कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार जैन गुढ़ा वाले टीकमगढ़, उप कोषाध्यक्ष पं. इंद्र कुमार जैन ककरवाहा, ऑडिटर प्रसन्न चौधरी बच्चू बड़ागांव को मनोनीत किया गया। शेष कार्यकारिणी का मनोनयन समिति आगामी कार्यकारिणी बैठक में शीघ्र ही संपन्न करेगी। इस मौके पर प्रतिष्ठाचार्य पंडित श्री सनतकुमार विनोद कुमार रजवास, डॉक्टर नरेंद्र कुमार जैन टीकमगढ़, सिंघई महेंद्र कुमार जैन बड़ागांव, राजकुमार जैन पठा, पंडित श्रीनंदन टीकमगढ़ , सुनील घुवारा एवं धर्म रत्न श्री बाबूलाल मैनवार आदि समाज श्रेष्ठि, विद्वान, गणमान्य की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। सभी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा समिति के मनोनयन हेतु जो नियम बनाए हैं वह सभी क्षेत्रों पर लागू होना चाहिए जिससे समर्पित कार्यकताओं को अवसर प्राप्त होगा। श्रेष्ठि सुनील कुमार घुवारा ने क्षेत्र निर्देशक ब्रह्मचारी जय कुमार निशांत की प्रशंसा करते हुए कहा इसी प्रकार सामाजिक सौहार्द एवं पारस्परिक सद्भावना के साथ पदाधिकारियों का मनोनयन होना चाहिए ।



## आचार्य 108 श्री वर्धमान सागर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में हो रहे

# श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महामहोत्सव के तृतीय दिन हुआ जन्मकल्याणक पर 1008 कलशों से भगवान का अभिषेक

**मदनगंज/किशनगढ़. शाबाश इंडिया**

भारत गौरव आचार्य 108 श्री वर्धमान सागर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में चल रहे भव्य श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याण महोत्सव में आज श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन पंचायत व सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से आयोजित कार्यक्रम में सुमेर पर्वत हेतु जुलूस निकाला गया जिसमें हाथी, घोड़ों और बग्गियों के शाही लवाजमे के साथ विभिन्न मार्गों से निकले ऐतिहासिक जुलूस में जैन समाज के लोगों का कारवां उमड़ पडा, जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि कार्यक्रम में जगह-जगह जुलूस का विभिन्न समाज के लोगों की ओर से पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया जुलूस के वर्धमान सभागार पहुंचने पर वात्सल्य वारिधि आचार्यश्री वर्धमान सागर महाराज ससंघ के सानिध्य एवं गणिनी आर्यिका सरस्वती माताजी ससंघ की मौजूदगी में 1008 कलशों से भगवान का जन्माभिषेक मनाया गया, कार्यक्रम में आज तीसरे दिन किशनगढ़ में ऐतिहासिक जुलूस वर्धमान सभागार से रवाना हुआ जिसमें 6 हाथी व 2 घोड़ों के अलावा 8 बग्गियों में पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रमुख पात्र इन्द्रगण सवार थे,तीन बैंडों की मधुर ध्वनियों के बीच निकली शोभायात्रा का जगह-जगह विभिन्न समाज के लोगों ने पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया, कार्यक्रम में जैन आर्मी, बारा महिला मंडल, वीर सेवक मंडल सहित पूरे भारतवर्ष के विभिन्न क्षेत्रों से आए जैन समाज के पुरुष व महिलाओं की अपार भीड़ उमड़ी पडी ।उक्त शोभायात्रा का जुलूस पुरानी मील तिराहे, सिटी रोड, आदिनाथ मंदिर, अजमेर रोड होते हुए मुनि सुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पहुंचा,वहां से जुलूस मुख्य चौराहे, पुरानी मिल तिराहे, आरके लिंक रोड के मोड होते हुए पुनः क्रिस्टल पार्क स्थित वर्धमान सभागार पहुंचा कार्यक्रम में आचार्य संघ के पावन सानिध्य में पाण्डुक शिला पर तीर्थंकर जिन बालक को विराजमान कर सौधर्म इन्द्र के अभिषेक करने के बाद राजकुमार, जयकुमार, निर्मलकुमार, प्रदीप कुमार दोषी परिवार हरसौली वालों की ओर से स्वर्ण कलश से जिन तीर्थंकर बालक का अभिषेक किया गया। बाद में महामहोत्सव के पात्रों द्वारा 1008 कलशों से भगवान का जन्माभिषेक किया गया, कार्यक्रम में आचार्यश्री वर्धमान सागर महाराज ने कहा कि आत्मा कई भव में भ्रमण करती है तब पूर्व वर्षों के संचित पुण्य से तीर्थंकर नाम कर्म का फल मिलता है,तीर्थंकर बालक के जन्म के 6 माह पहले और जन्म के 9 माह बाद अर्थात 15 माह तक कुबेर द्वारा रत्नों की वृष्टि की जाती है।



तीर्थंकर भगवान द्वारा रतन त्रय धर्म की वृष्टि की जाती है एवं देवताओं द्वारा रत्नों की वृष्टि की जाती है कार्यक्रम में तीसरे दिन वर्धमान सभागार में आयोजित प्रवचन सभा में



आचार्यश्री बताया कि जब भगवान का जन्म होता है तो उनका जन्म कल्याणक मनाया जाता है किंतु लौकिक जीवन में आप बर्थडे जन्म दिवस के रूप में मनाते हैं, तीर्थंकर का जन्मदिन अंतिम जन्म होता है क्योंकि उनके जन्म के बाद वह दोबारा जन्म नहीं लेते हैं गर्भ कल्याणक के बाद जन्म कल्याणक फिर दीक्षा लेकर तप करते हैं फिर केवल ज्ञान प्रगट होने पर ज्ञान कल्याणक फिर घातिया और अघातिया कर्मों का नाश कर सिद्धालय मोक्ष को प्राप्त करते हैं। मोक्ष कल्याणक के बाद निर्वाण को प्राप्त होते हैं यह उनका अंतिम जन्म होता है। कार्यक्रम में आर. के. मार्बल्स के परिवारजनों ने पाद-प्रक्षालन कर पुण्यार्जन प्राप्त किया, मुनि सुव्रतनाथ दिगम्बर जैन पंचायत के अध्यक्ष विनोद पाटनी, मंत्री सुभाष बड़जात्या ने बताया कि जन्मकल्याणक के तहत प्रतिष्ठाचार्य संहितासूरी हंसमुख जैन के निर्देशन में प्रातः अभिषेक व शांतिधारा, तीर्थंकर जिन बालक जन्म जन्मोत्सव मनाया गया। वर्धमान सभागार में वात्सल्य वारिधि आचार्य वर्धमान सागर महाराज ससंघ के मंचासीन होने के बाद चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन, शास्त्र भेंट व पाद प्रक्षालन करने का सौभाग्य आरके मार्बल परिवार के अशोक कुमार-सुशीला, सुरेश कुमार-शांता पाटनी, अनिता कटारिया को मिला। मुनि सुव्रतनाथ दिगम्बर जैन नवयुवक मंडल द्वारा मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया ।कार्यक्रम के दौरान वात्सल्य भोज पुण्यार्जक कैलाशचंद, हीरालाल, पारसमल बाकलीवाल खंडाच वाले का स्वागत अभिनंदन किया गया।कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर और सिटी रोड स्थित चन्द्रप्रभु मंदिर के श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक एवं वात्सल्य वारिधि आचार्यश्री वर्धमान सागर महाराज पर आवरण पोस्टर का विमोचन आर के मार्बल के अशोक पाटनी, विनोद पाटनी, सुभाष बड़जात्या, संजय पापड़ीवाल, निर्मल पांड्या, मनोज वेद, गौरव पाटनी द्वारा किया गया।

## वेद ज्ञान

### विरोध के कारणों को समझें...

मनुष्य की प्रवृत्ति ही स्वतंत्र रहने की है। स्वतंत्रता सबको प्रिय है। ऐसा इसलिए, क्योंकि स्वतंत्रता वह अवस्था है जिसमें कोई भी जीव किसी दबाव के बगैर स्वेच्छा से कहीं भी आ-जा सकता है। ऐसा करने में उसे अच्छा भी लगता है, लेकिन जब कभी उसकी स्वतंत्रता पर कोई छोटा-सा आघात होता है तो वह तिलमिला जाता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि प्रकृति ने सभी जीवों को स्वतंत्र और स्वच्छंद बनाया है। प्रकृति यह मानती है कि संसार का प्रत्येक जीव अपनी-अपनी अभिरुचि के अनुरूप कार्य करे और अपना जीवनयापन करे। शास्त्रों का आदेश है कि जब कभी हम किसी जीवन पर प्रतिबंध लगाते हैं या उसकी गति को रोकने का प्रयास करते हैं तो वह विरोध करता है। जैसे नदी का काम है बहना, लेकिन जब कभी हम नदी की धारा को रोकने का प्रयास करते हैं तो नदी या तो बांध तोड़ देती है या फिर किनारे को तोड़कर विध्वंस करने लगती है। मनुष्य की शक्ति इससे अलग होती है, क्योंकि मनुष्य या तो क्रियात्मक बनता है अथवा विध्वंसात्मक बनता है। प्रश्न यह है कि मनुष्य समाज की विपरीत दिशा में क्यों खड़ा हो जाता है, उसकी प्रवृत्ति तो विरोधात्मक नहीं है। हमने छोटे बच्चों को देखा वे कितने सरल और मोहक होते हैं, लेकिन किसी विशेष परिस्थिति में पड़कर वे कभी-कभी इतने भयानक बन जाते हैं कि वे समाज की बड़ी समस्या बनकर खड़े हो जाते हैं। जरूर हमसे कोई भूल हुई होगी जिससे वे कुरूप बनकर समाज के सामने खड़ा हो जाते हैं। जैसे छोटे बच्चे दूध के लिए मां को पुकारते हैं तो वे कभी चिल्लाने लगते हैं और कभी कप अथवा शीशा फोड़ने लगते हैं। यह उनका विरोध प्रदर्शन है। वह मां का ध्यान अपनी ओर खींचना चाहते हैं। यहां तक कि छोटे बच्चे भी अपनी उपेक्षा बर्दाश्त नहीं कर सकते। यह जो उपेक्षा का भाव है, उसे मनुष्य बर्दाश्त नहीं कर सकता। जैसे छोटे बच्चे को हमने देखा कि मां ने दूध नहीं दिया तो उसने तोड़-फोड़ करना शुरू कर दिया। नेपोलियन एक गरीब घर का लड़का था। उसके उपेक्षा के दंश का विष उसके पूरे शरीर में फैल गया और वह समाज के सामने विद्रोही बनकर खड़ा हो गया।

## संपादकीय

# आंख बंद करके भरोसा नहीं कर सकते

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि विकिपीडिया जैसे सूचनात्मक मंचों पर आंख बंद करके भरोसा नहीं कर सकते। उन पर भ्रामक सूचनाएं हो सकती हैं। हालांकि अदालत ने यह बात कानूनी मामलों के मद्देनजर कही और न्यायिक अधिकारियों को ऐसे स्रोतों के उपयोग को लेकर आगाह किया है, पर इसे व्यापक संदर्भ में लेने की जरूरत है। आजकल तथ्यों के लिए विकिपीडिया जैसे मंचों पर अध्येताओं, व्यावसायिक गतिविधियों, शैक्षणिक कार्यक्रमों की निर्भरता लगातार बढ़ती गई है। ऐसे में अगर यह मंच इतना गैर-भरोसेमंद माना जा रहा है, तो यह गंभीर बात है। बहुत सारे विद्यार्थी ऐसे मंचों के सहारे विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी करते देखे जाते हैं। मगर इस हकीकत से मुंह नहीं फेरा जा सकता कि विकिपीडिया पर बहुत सारे तथ्य गलत या भ्रामक पाए जाते हैं। इसकी एक वजह स्पष्ट है कि इस मंच ने संपादन की सुविधा खुली छोड़ रखी है। कोई भी वहां जाकर तथ्यों को सुधार सकता है। तथ्यों में उलट-फेर कर सकता है। बहुत पहले इसके कई बड़े उदाहरण देखने को मिल चुके हैं। गांधीजी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल जैसी शख्सियतों के जीवन से जुड़े अनेक भ्रामक तथ्य उन पर परोसे गए हैं। एक सामान्य अध्येता ऐसे तथ्यों को पकड़ नहीं पाता और उसके मन में कई तरह के दुराग्रह पनप सकते हैं। खासकर कानूनी मामलों में अगर विकिपीडिया जैसे मंचों पर गलत और भ्रामक तथ्य परोसे जाते हैं और उनका उपयोग किसी मामले को सुलझाने के लिए किया जाता है, तो उससे आने वाले समय के लिए गलत नजीर भी बनती है। इसलिए कानून की अधिकृत पुस्तकें ही इस मामले में प्रामाणिक मानी जानी चाहिए। लेकिन आज जिस तरह युवा पीढ़ी पढ़ाई-लिखाई को लेकर इंटरनेट पर निर्भर होती गई है। वह अपनी हर जिज्ञासा को लेकर तुरंत इंटरनेट खंगालना शुरू कर देती है, खासकर विकिपीडिया जैसे ज्ञानकोश पर आंख मूंद कर भरोसा कर लेती है, उसे खतरनाक नतीजे भी भुगतने पड़ सकते हैं। उस पर भरोसा करके अगर उसने किसी सवाल का गलत जवाब दे दिया, जो अधिकृत पुस्तक में छपे तथ्य से मेल नहीं खाता, तो उसे नुकसान हो सकता है। जिन प्रतियोगी परीक्षाओं में ऋणात्मक मूल्यांकन की व्यवस्था है, उनमें भारी नुकसान झेलना पड़ सकता है। इस तरह सर्वोच्च न्यायालय की ताजा टिप्पणी को गंभीरता से लेने की जरूरत है। यह सही है कि प्रामाणिक पुस्तकों का विकल्प दूसरा कोई माध्यम नहीं हो सकता, पर पिछले कुछ सालों में जिस तरह इंटरनेट एक सशक्त शिक्षा माध्यम के रूप में उभरा है, उसमें ज्ञान की दुनिया का खासा विस्तार हुआ है। पीडीएफ रूप में और किंडल आदि पर पुस्तकें पढ़ने की सुविधा उपलब्ध है। तमाम शैक्षणिक संस्थान अपनी पाठ्य और सहायक पुस्तकें इंटरनेट पर डालते हैं। ई-पाठशाला जैसी व्यवस्थाएं हैं। मगर इसके समांतर इंटरनेट पर बहुत सारे ऐसे मंच सक्रिय हैं, जो बड़े पाठक समुदाय को आकर्षित करने और लाभ कमाने के लोभ में चल रहे हैं।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# अनैतिकता के अखाड़े

खेल संघों में अनियमितता, खिलाड़ियों के चयन को लेकर भेदभाव, पक्षपात, यौन शोषण आदि की शिकायतें पुरानी हैं। मगर जिस तरह भारतीय कुश्ती महासंघ के खिलाफ देश के तमाम पहलवान एकजुट होकर उसके अध्यक्ष को हटाने की मांग पर अड़े हैं, वैसा पहले किसी खेल संघ में नहीं हुआ। विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता और ओलंपिक खिलाड़ी विनेश फोगाट ने कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पर महिला खिलाड़ियों के यौन शोषण का आरोप लगाया, तो तमाम ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीत चुके पहलवान उनके समर्थन में उतर आए। खेल मंत्रालय ने इस मामले में संघ से बहत्तर घंटे के भीतर स्पष्टीकरण मांगा। कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने मीडिया के सामने सफाई दी कि उन्होंने किसी खिलाड़ी का यौन शोषण नहीं किया है। उन्हें फंसाया जा रहा है। अगर उनके खिलाफ किसी खिलाड़ी के यौन शोषण का सबूत मिल गया, तो वे खुद अपने को सजा देने को तैयार हैं। मगर वे फिलहाल अपने पद से इस्तीफा देने को तैयार नहीं हैं। इस बीच सरकार और विरोध प्रदर्शन कर रहे पहलवानों के बीच मध्यस्थता कर रहीं पहलवान बबीता फोगाट ने खेल मंत्रालय के साथ बैठक करके इस मामले को सुलझाने का प्रयास किया, मगर खिलाड़ी कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष के इस्तीफे पर अड़े हुए हैं। कुश्ती ही ऐसा खेल है, जो चाहे ओलंपिक हो या राष्ट्रमंडल खेल, सबसे अधिक पदक ले आता है। इसके खिलाड़ी अपने जुनून के बल पर विजयी होते रहे हैं। इस तरह दुनिया भर में भारतीय पहलवानों ने देश का ध्वज ऊंचा किया है। ऐसे में अगर कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष और प्रशिक्षकों पर महिला खिलाड़ियों के यौन शोषण का आरोप लग रहा है, तो इससे दुनिया भर में भारत की बदनामी हो रही है। बृजभूषण शरण सिंह बेशक अपने को पाक-साफ करार दे रहे हों, पर उन पर खिलाड़ियों ने काफी गंभीर आरोप लगाए हैं। वे सत्तापक्ष के सांसद हैं, इसलिए खिलाड़ियों का भरोसा नहीं बन पा रहा कि उनके खिलाफ कोई कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई हो पाएगी। इसलिए पहलवानों ने कहा है कि अगर उन्हें अध्यक्ष पद से नहीं हटाया गया और कुश्ती महासंघ का पुनर्गठन नहीं किया गया तो वे उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराएंगे। हालांकि बहत्तर घंटे का समय पूरा होने में अभी एक दिन बाकी है, देखना है सरकार क्या कदम उठाती है, मगर यह तो जाहिर है कि कुश्ती महासंघ में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा। इसके पुनर्गठन की जरूरत है। हालांकि यह पहली बार नहीं है, जब किसी खेल संघ के अध्यक्ष पर यौन शोषण का आरोप लगा हो। पहले हाकी संघ में ऐसा आरोप लगा था। एक लान टेनिस खिलाड़ी के यौन शोषण और फिर खुदकुशी को लेकर भी उसके संघ के अध्यक्ष पर आरोप लगे थे। खेल प्रशिक्षकों पर तो महिला खिलाड़ियों को बहला-फुसला कर यौन शोषण करने के आरोप लगते रहते हैं, पर संघ के अध्यक्ष पर इस तरह बड़े पैमाने पर शामिल होने का आरोप पहली बार लगा है। पिछली बार ओलंपिक में जब भारतीय महिला पहलवानों ने पदक जीत कर देश का नाम ऊंचा किया, तो प्रधानमंत्री ने भी गर्व के साथ वादा किया था कि खिलाड़ियों को सुविधा के स्तर पर किसी तरह की कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस तरह खिलाड़ियों में नया जज्बा पैदा हुआ था। इसे देखते हुए भरोसा बनता है कि कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पर लगे आरोपों को सरकार गंभीरता से लेते हुए जरूर निष्पक्ष ढंग से व्यावहारिक कदम उठाएगी।




# देशभक्ति के नए पुराने गीत गाकर स्वतंत्रता सेनानियों को किया याद

## सखी क्लब मितवा ने मनाया 74 वां गणतंत्र दिवस

**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** यह सर्व विदित है कि समूचा राष्ट्र इस 26 जनवरी को 74 वां गणतंत्र मनाएगा। बता दें, इसी दिन बसंत पंचमी भी है। उसी उपलक्ष्य में मंगलवार को लेकसिटी के सखी क्लब मितवा की अनेक सदस्याओं ने लोक कला मण्डल के समीप होटल उदय मेडियन के प्रथम तल पर बसंत के आगमन का स्वागत पुष्प और गीतों से किया वहीं 74वें गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों को देश भक्ति गीत गाकर याद किया। क्लब अध्यक्ष मधु खमेसरा ने बताया कि इस अवसर पर राष्ट्र भक्ति गीत प्रतियोगिता में कई सदस्याओं ने नई पुरानी फिल्मों से ऐ मेरे वतन के लोगों....जहां डाल डाल पर सोने की चिड़ियां करती है बसेरा....मां तुझे सलाम.....संदेसे आते हैं..... जैसे गीतों से माहौल में देशप्रेम का जज्बा भर दिया। सचिव अनिता सिंगी ने बताया कि कार्यक्रम में तोषी एण्ड ग्रुप, संगीता निर्मला एंड ग्रुप, सोनिया एवं मीना खमेसरा ने अपनी सुरमई आवाज बिखेरी। बाद में सभी सदस्यों ने गणतंत्र दिवस को लेकर प्रश्नोत्तरी में भी भागीदारी निभाई। वहीं कार्यक्रम समापन से पूर्व मनोरंजन की दृष्टि से हाऊजी भी खेला। सभी विजेताओं को पुरस्कृत करने के बाद समारोह का समापन ग्रुप फोटो, राष्ट्रगान और जलपान से हुआ। संरक्षक कविता मोदी ने बताया कि इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष मधु खमेसरा, सचिव अनिता सिंगी, मंजु सिंगटवाडिया, सुनिता मोदी, रीना मांडावत, जया इसरानी, तोषी कालरा, संगीता तलेसरा, सोनिया पंवार, निर्मला कोठारी, मालती वागरेचा, आशा गुप्ता, नीतू सरुपरिया, रेखा चोरड़िया, शारदा जांगिड़ आदि अन्य कई सदस्याएं मौजूद थीं। रिपोर्ट/ फोटो: राकेश शर्मा 'राजदीप' मोबाइल: 9829050939



# बड़ों से काम मत कराना, बड़ों के सदा काम करना : मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज

## जैन युवा वर्ग ने किए श्री फल भेंट

## शाही पंचकल्याणक महोत्सव के मंडप में होगा पिच्छिका परिवर्तन

**ललितपुर. शाबाश इंडिया**



राग करें निस्वार्थ करें हम अपने से भी अपेक्षा ना रखें। मुझे भाई से कुछ नही चाहिये। बहुत अच्छे से मिलने वाले भाई बहिन भी घृणा से भरें रहते हैं। भाई ही भाई का दुश्मन बन जाता है। पत्नि को पति से कुछ नही चाहिये। ये आज जो तलाक आजकल हो रहा है वो नही होगें संबधों में स्वार्थ नही आना चाहिए हमे पेंड सें भी फुल फल नही चाहिए। हमे उसे हरा रखना चाहिये। ये चिंता करे रांग करे निस्वार्थ करे, कोई इच्छा नही ऐसे राग को करुणा कहा है उक्त आश्य के उद्गार मध्यप्रदेश की सीमा से लगे ललितपुर में पंचकल्याणक महोत्सव की पूर्व वेला में धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज ने व्यक्त किए। जैन युवा वर्ग के संरक्षण विजय धुर्रा ने ललितपुर से लौटकर बताया कि मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज के चरणों में श्री दिगम्बर जैन युवा वर्ग की ओर से श्री फल भेंट कर आशीर्वाद लिया। इस हेतु युवा वर्ग के अध्यक्ष सुलभ अखाई, संरक्षण विजय धुर्रा, विट्ठ जैन, पीयूष जैन, सजीव जैन, सुधीर जैन, संदीप वैध सहित अन्य भक्तों ने श्री फल भेट किए। **ऐतिहासिक होगा शाही पंचकल्याणक:** सीधे प्रसारण में मध्यप्रदेश महासभा के संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि अशोक नगर के ऐतिहासिक गजरथ महोत्सव के वाद ललितपुर में एक साथ गारह रथों का चलना ऐतिहासिक होगा। इस महा महोत्सव में साढ़े पाच क्विंटल वजनी, शुद्ध चांदी से निर्मित रजत प्रतिमा की प्रतिष्ठा महा महोत्सव में परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज के कर कमलों से होने जा रही है। संचालन कर रहे आलोक शास्त्री ने कहा कि इस महा महोत्सव में एक और आकर्षक होगा जब मुनि पुंगव अपनी पिच्छिका को परिवर्तित करेंगे ये कार्यक्रम अशोक नगर के युवा वर्ग द्वारा विजय धुर्रा, शैलेन्द्र श्रागर द्वारा अपनी टीम के साथ आपके समक्ष नये अंदाज में रखेंगे। मुनिश्री ने कहा कि हम उसको अपने से अधिक गुणवान, हमसे आगे है या तो हम आज आगे बडे या यह वस्तु मुझे मिलना चाहिये ये वस्तु में पा नही सकता तो जिसके पास यह वस्तु हो उसको आगे कर देना, मैं जों नही हो वो जिसके पास है उसको हमे आगें करके चलना हैं। अच्छे आदमी से पाने की इच्छा मत करो उनकी सुरक्षा करो उनसे संबंध बनाकर चलो वो आपके काम नही आयेगें उनसे बनाकर चलना, मानतुंग आचार्य नें भक्तामर जी में एक बार भी हमारे काम नही आये बड़ों से हमारे संकट दुर मत कराना हमे उनसे नही कराये बल्कि उनकी सुरक्षा करें।






# हे स्वामी नमोस्तु, नमोस्तु, नमोस्तु से गूंज उठी अयोध्या नगरी

## ढाईदीप पंचकल्याणक महोत्सव मे हो रही जिनशासन की प्रभावना

राजेश रागी/रत्नेश जैन बकस्वाहा. शाबाश इंडिया

इंदौर। हे स्वामी नमोस्तु, हे स्वामी नमोस्तु, हे स्वामी नमोस्तु, नमोस्तु, नमोस्तु से गूंज उठी अयोध्या नगरी, मंगलमय प्रसंग था धर्म नगरी इंदौर के गांधी नगर में चल रहे ढाईदीप जिनायतन के पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पांचवे दिन मुनिराज ऋषभदेव के प्रथम आहार दान का जहां राजा श्रेयांस परिवार ने नवधा भक्ति भाव पूर्वक इच्छु रस का आहार देकर अपना नर भव सफल किया, मंगल महोत्सव में बड़ी संख्या में बड़ामलहरा, छिन्दवाड़ा, दमोह, जबलपुर, भोपाल से पहुंचे जैन बन्धु धर्म लाभ ले रहे हैं। महोत्सव के मीडिया प्रभारी प्रद्युम्न फौजदार, दीपकराज जैन एवं महामंत्री एस. पी. भारिल्ल ने बताया कि प्रातःकाल की मंगल बेला पर बड़ी संख्या में श्रावक - श्राविकाओं ने श्री जिनेन्द्र पूजन विधान कर गुरुदेवश्री के मांगलिक के साथ डॉ. हुकमचन्दजी भारिल्ल के श्रीमुख से आहार दान का स्वरूप जाना तो पं. राजेंद्र कुमारजी जैन द्वारा मनुष्य भव की सार्थकता सहित बा. ब्र.श्रेणिक जैन जबलपुर से परम पवित्र जिनशासन का सच्चा स्वरुप जानकर मंगल प्रवचनों का लाभ लिया। सभी वक्ताओं ने दिगम्बर महामुनिराजों का गुणगान कर उनके द्वारा रचित जिनवाणी के स्वाध्याय का महत्व बताया जिसको सुनकर श्रावकगणों ने भक्त से भगवान बनने की कला सीखी। महोत्सव का सफल मंच संचालन पं. अभय कुमार शास्त्री, संजय शास्त्री जेबर एवं डॉ. विवेक शास्त्री द्वारा किया गया। प्रवचनों के पश्चात प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी अभिनन्दन शास्त्री द्वारा ढाईदीप जिनायतन में विराजमान होने वाले 1164 जिनबिम्बों में मंत्रोचारण के साथ अंकन्यास विधि आदि अंतरंग क्रियाएं एवं प्राण प्रतिष्ठा विधि की।

### जिनवाणी एवं मंगल कलश शोभायात्रा निकली

अयोध्या नगरी से माँ मंगल कलशों के साथ जिनवाणी शोभायात्रा निकाली गई जो नवीन जिन मंदिर ढाईद्वीप जिनायतन पहुंची जहां माता बहनों द्वारा जिनवाणी एवं श्रावकगणों द्वारा वेदी सहित शिखर पर मंगल कलश की स्थापना की गई।

### विद्वत संगोष्ठी का हुआ आयोजन

पंचकल्याणक महोत्सव के महत्व पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका संचालन पं. धर्मेंद्र जैन कोटा एवं अध्यक्षता सहप्रतिष्ठाचार्य पं. रमेशचंद बाँझल ने की। जिसमे पं. सुनील जैनापुरे, डॉ. विवेक जैन सहित अन्य वक्ताओं ने अपने सुंदर विचार रखे। संध्या के समय श्री जिनेन्द्र भक्ति कर माँ जिनवाणी का रसास्वादन किया गया पश्चात कुंदकुंद कहान शासन प्रभावना



### अहमेक्को खलु शुद्धो का सुंदर चित्रण

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत आध्यात्मिक सतपुरुष गुरुदेवश्री कानजी स्वामी के जीवन पर आधारित नाटक अहमेक्को खलु शुद्धो का सुंदर मंचन किया गया जिसकी सभी ने सराहना की।

ट्रस्ट द्वारा ढाईद्वीप के स्वप्न दृष्टा जिनशासन मुकेश जैन सहित तत्वज्ञान के प्रचार प्रसार में अपना विशिष्ट योगदान देने वाले विशिष्ट विध्वतगण बाबू जुगलकिशोरजी जैन कोटा, अध्यात्मरत्नाकर पं. रतनचंद भारिल्ल जयपुर, पं. ज्ञानचन्दजी जैन विदिशा, डॉ. उत्तमचन्दजी जैन छिन्दवाड़ा, पं. वीरेंद्र कुमार जैन आगरा, पं. चेतनभाई शाह राजकोट का मरणोपरान्त सम्मान कर उनके उपकार को याद किया गया।

### स्टालों पर उमड़ी भीड़


महोत्सव स्थल अयोध्या नगरी ढाईद्वीप परिसर में जिनवाणी प्रचार प्रसार सहित अतिथियों के स्वागत सत्कार सहित सुविधा हेतु विविध स्टाल लगाए गए जहां गर्जतो ज्ञायक परिवार मुम्बई द्वारा बोलता समयसार, टोडरमल स्मारक ट्रस्ट, वर्धमान श्रुत प्रभावना केंद्र अमायन, परमागम होनोर्स, जिनवाणी संवर्धन केंद्र सहित सर्वोदय अहिंसा,तीर्थधाम सिद्धायतन द्रोणगिरि के स्टाल पर स्वाध्याय हेतु साहित्य उपलब्ध कराया गया वहीं सत्पथ फाउंडेशन नागपुर द्वारा तत्वप्रचार हेतु सत्पथ स्टाल लगाया गया जहां ग्रँथराज रत्नकरण्ड श्रावकाचार सत्पथ प्रश्नमंच सीजन 2 का रजिस्ट्रेशन किया गया।

### आज मनेगा ज्ञानकल्याणक लगेगा समवशरण



महोत्सव अध्यक्ष विपिन शास्त्री ने बताया कि आज माघ शुक्ल चतुर्थी बुधवार 25 जनवरी के शुभ दिन ज्ञान कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा जिसका शुभारंभ प्रातः 7 बजे श्री जिनेन्द्र पूजन विधान से होगा पश्चात मंगल प्रवचन, विद्वत संगोष्ठी, समवशरण रचना, दिव्यध्वनि प्रसारण, सम्मान समारोह सहित आभार प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा।

# 17वां आचार्य पदारोहण महोत्सव आज 25 को



## पंच तत्वों का संरक्षण ही मानव का सर्वोपरि कर्तव्यः आचार्य श्री सुनील सागर जी

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मन्दिर संघीजी सांगानेर में आचार्यश्री 108 सुनीलसागरजी महाराज ने कहा कि वर्तमान संसार में आज का जो वातावरण बन रहा है उससे पंच तत्व पृथ्वी- जल- अग्नि- वायु- आकाश को बड़ी हानि होती जा रही है।यह मानव जीवन के लिये बहुत ही नुकासन देने वाला है।हर मनुष्य का इन पाचों तत्वों का संरक्षण ही प्रथम कर्तव्य होना चाहिये।कवि रहिमन दास का दोहा रहिमन पानी राखिये बिन पानी सब सून। पानी गये न उबरे मोती मानस चून का स्मरण दिलाते हुए आचार्यश्री ने कहा कि कई सालों पहले ही हमारे दार्शनिक संतों ने पानी का महत्व के बारे में हमें सचेत कर दिया था।फिर भी लोग अपने लोकिक स्वार्थ की पूर्ति क लिए प्रकृति से खिलवाड कर रहें है नतीजा यह है कि आज जल स्तर बहुत ही नीचे चला गया और नदियों के पानी को फैक्ट्रियों से निकले वेस्टेज केमीकल दूषित कर रहे है।पीने का पानी बिना आर.ओ. के हम पी नही सकते। आज हमें प्रकृति की ही देन पानी,वायु के लिये मूल्य चुकाना पडता है। आज के लोगों ने कमरों में एसी और दिमाग में हीटर लगा लिया है जो प्रकृति के प्रतिकूल है।ऐसे कई उदाहरण देते हुये आचार्यश्री ने कहा कि इन पांच तत्वों का संरक्षण ही मानव धर्म है। मानदमंत्री सुरेश कासलीवाल ने बताया कि धर्मसभा में दीप प्रज्ज्वलन, आचार्यश्री के पादप्रक्षालन का सौभाग्य कमेटी के अध्यक्ष प्रेमचन्द जैन एवं सदस्यों को जिनवाणी भेंट का सौभाग्य संघस्थ ब्रह्मचारिणी दीदीयों को प्राप्त हुआ। कासलीवाल ने बताया कि महोत्सव के पहले दिन बुधवार को आचार्यश्री 108 सुनीलसागरजी महाराज का 17 वां आचार्य पदारोहण दिवस महोत्सव मनाया जाएगा।इस मौके पर सर्वप्रथम सुबह 7.30 बजे देवाधि सांगानेर वाले बाबा के मस्तकाभिषेक व शांतिधारा,इसके बाद सुबह 9 बजे भगवान आदिनाथ व पूज्य गुरूदेवों के समक्ष 17 दीपप्रज्ज्वलन, 17 इन्द-इन्दाणी 17 थालियों में पाद प्रक्षालन करेंगे।इस मौके पर 17 इन्द-इन्दाणी शास्त्र भेंट व 17 इन्द्र-इंद्राणी ही संगीतमय पूजन व अर्घ समर्पित करेंगे। इसके बाद आचार्यश्री के मांगलिक प्रवचन होंगे। इसीदिन साम को 17 इन्द्र-इन्द्राणी आचार्यश्री संगीतमय आरती करेंगे।इसीदिन रात्रि 8.30 गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर भव्य संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगा।उन्होंने बताया कि 26 जनवरी को धवला पुस्तुक-13 की पूर्णिता पर श्रुतोत्सव मनाया जाएगा।इस मौके पर सुबह 8.15 बजे संधी जी जैन मंदिर से वीरोदय नगर स्थित श्री दिगम्बर जैन संस्कृत महाविद्यालय तक भव्य जुलूस निकाला जाएगा। भव्यता के साथ निकलनेवाला यह जूलूस जयपुरवासियों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहेगा।

# आचार्य श्री सुनील सागर जी का मानसरोवर के वरुण पथ जैन मंदिर में मंगल प्रवेश 26 को



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मानसरोवर के वरुण पथ स्थित जैन मंदिर में 26 जनवरी को आचार्य श्री सुनील सागर महाराज का ससंघ मंगल प्रवेश होने जा रहा है। आचार्य श्री सांगानेर स्थित जैन मंदिर संघी जी से दोपहर 2 बजे विहार यात्रा प्रारंभ करेगे। जिसके बाद मानसरोवर जैन समाज द्वारा शाम 4 बजे रजत पथ चौराहे पर मंगल अगवानी की जाएगी, यहां से भव्य शोभायात्रा के साथ आचार्य श्री का 5 बजे वरुण पथ जैन मंदिर में प्रवेश संपन्न करवाया जायेगा। इसके उपरांत आचार्य संघ जिनालय के दर्शन करेगे और धर्म सभा को संबोधित करेगे।प्रचार संयोजक अभिषेक जैन बिट्टू ने बताया की आचार्य सुनील सागर महाराज ससंघ सानिध्य में त्रिदिवसीय धर्म प्रभावना महोत्सव का आयोजन 27 जनवरी से 29 जनवरी तक वरुण पथ मानसरोवर जैन मंदिर में आयोजित होगा, इस दौरान नवीन जिनालय और कार्यालय का शिलान्यास आचार्य ससंघ सानिध्य में आयोजित होगा। इस दौरान उपमहापौर पुनीत कर्णावत, पार्षद रामावतार गुप्ता, मानसरोवर थानाधिकारी, वरुण पथ अध्यक्ष एमपी जैन, मंत्री जेके जैन सहित पूरी समिति, महिला मंडल, युवा मंडल, मुनि संघ व्यवस्था समिति, स्वाध्याय मंडल सहित 10 से अधिक संस्थाओं के पदाधिकारी व सकल वरुण पथ जैन समाज शामिल होंगे।

# स्कूल में उन्नयन 2023 वार्षिकोत्सव का धूमधाम से हुआ आयोजन



**अर्पित जैन. शाबाश इंडिया**

**जयपुर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नींदड में उन्नयन 2023 वार्षिकत्सव का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि जनसेवक विद्याधर नगर सीताराम अग्रवाल व संस्था प्रधान कौशल्या चौधरी द्वारा सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। अतिथियों में डंगायच परिवार, सिद्धार्थ राजबाला मीणा, मोहन कुमावत, रामगोपाल मीणा ओमप्रकाश,सीएम शर्मा रहे। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने गणेश वंदना, आर्मी सांग,एजुकेशन सांग, जंगल थीम पर्यावरण संरक्षण,घूमर,योद्धा बन गई में, अन्य बेहतरीन डांस आदि की बेहतरीन प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों को मुग्ध कर दिया। समारोह में विद्यालय के संस्था प्रधान ने वार्षिक रिपोर्ट अभिभावकों के सामने रखी और बोर्ड में उत्तीण रहे मेधावियों के साथ भामाशाह ,पूर्व छात्रों एवं शिक्षकों को सम्मानित किया। मंच संचालन कमल कनावरिया व धीरेंद्र सिंह किरण सूरा ने किया।

# मदनगंज किशनगढ़ में चल रहे भव्य पंच कल्याण महोत्सव में फागी से 51 दर्शनार्थियों की गई एक बस

**फागी. शाबाश इंडिया।** आचार्य वर्धमान सागर जी महाराज स संघ के पावन सानिध्य में मदनगंज किशनगढ़ में चल रहे श्रीमज्जिनेन्द्र पंचकल्याणक महोत्सव में अग्रवाल समाज फागी के अध्यक्ष महावीर झंडा की अगुवाई में आज फागी कस्बे से 51 दर्शनार्थियों का एक दल बस द्वारा मदनगंज किशनगढ़ गया जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि जहां पर कार्यक्रम के तीसरे रोज तीर्थंकर बालक की जन्मोत्सव की क्रियाएं देखी, कार्यक्रम में 1008कलशों से जन्माभिषेक की क्रियाएं हुई, जन्म कल्याणक पूजा हुई , बाद में हवन, आरती, शास्त्र सभा के बाद तथा पालना महोत्सव का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ,गोधा ने अवगत कराया कि फागी जैन समाज ने वर्धमान सागर जी महाराज ससंघ को सामूहिक रूप से श्रीफल पर चढ़ाकर मंगलमय आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज फागी के अध्यक्ष महावीर झंडा, नवरत्न कठमाणा, महावीर बजाज, कन्हैयालाल धाबड धींगा,महावीर मोदी, धर्म चंद पीपलू, प्रवीण जैन चांदमा वाले, रमेश जैन माधोराजपुरा, कमलेश जैन मंडावरा, सुरेंद्र पंसारी, राकेश जैन मांदी, मनीष गोधा, पवन जैन, त्रिलोक पीपलू सहित काफी श्रावक श्राविकाएं मोजूद थे।



# भव्य वेदी प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सम्पन्न





## दिगम्बर जैन समाज बापू नगर

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन नसियां भट्टारक जी में भव्य वेदी प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। संगमरमर की स्वर्णकार्य युक्त वेदी के निर्माण के पुर्ण्यार्जक डा.पी.सी. जैन पूर्व राजस्थान युनिवर्सिटी के जैन चेयर के इन्चार्ज रहे हैं। इस वेदी की तीनों प्रतिमाओं के पुण्यार्जक भी आप ही हैं। इनकी प्रतिष्ठा का कार्यक्रम विधि विधानपूर्वक पं. मुकेश जैन शास्त्री ''**मधुर**'' दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र ने करवाया। इस अवसर पर दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी एवं नेमीनाथ सांवला ट्रस्ट के अध्यक्ष सुधान्शु कासलीवाल, मानद मंत्री महेन्द्र कुमार पाटनी, संयुक्त मंत्री सुभाष चन्द जैन व उमरावमल संघी, पूनमचन्द शाह, डा. कमलचन्द सौगानी, हेमन्त सौगानी, जस्टिस नरेन्द्र कुमार जैन, सतीश अजमेरा, प्रदीप जैन, अनिल दीवान, दिगम्बर जैन आचार्य संस्कृत महाविद्यालय के मंत्री महेश चांदवाड़, दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल के अध्यक्ष अनिल जैन व कार्याध्यक्ष डा. नमोकार जैन, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप जयपुर मेन के अध्यक्ष डा. राजेन्द्र कुमार जैन तथा मन्दिर महासंघ के कोषाध्यक्ष योगेश टोडरका आदि की गरिमामयी उपस्थिति थी।

## गणतंत्र दिवस समारोह -2023, विभिन्न जिला मुख्यालयों पर मंत्रियों द्वारा किया जाएगा ध्वजारोहण

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राज्य सरकार ने आदेश जारी कर गणतंत्र दिवस समारोह -2023 के अवसर पर विभिन्न जिला मुख्यालयों पर ध्वजारोहण के लिए मंत्रियों , राज्य मंत्रियों एवं उप मुख्य सचेतक को अधिकृत किया है।

## मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन ने महिला उद्यमशीलता को बढ़ाने पर की चर्चा

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन के संस्थापक महासचिव सीए विजय गर्ग ने बताया कि, आज महिलाओं को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया , इस कार्यशाला में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं महिला संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया । इस अवसर पर मारवाड़ी इंटरनेशनल फेडरेशन के द्वारा चलाई जा रही महिलाओं को वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई एवं बताया गया कि किस तरीके से महिलाएं वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बन सकती है। इस अवसर पर गर्ग ने बताया कि, केंद्र एवं राज्य सरकार की बहुत सारी योजनाएं हैं। उन योजनाओं का फायदा लेकर महिलाएं अपने घरेलू एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा दे सकती है और वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बन सकती है। इस अवसर पर फेडरेशन के द्वारा विभिन्न प्रेजेंटेशन दिए गए, जिसमें केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों के द्वारा महिला उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए जो योजनाएं लागू है उनके बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें उद्योग लगाने से लेकर उसकी वित्तीय व्यवस्था, तकनीकी जानकारी, उनके उत्पादों की मार्केटिंग आदि सभी की विस्तृत जानकारी संस्था के द्वारा दी गई। इस अवसर पर राजस्थान में उद्योगों को प्रोत्साहन देने वाली योजना रिप्स एवं ओबीसी आयोग , महिला आयोग, एससी एसटी आयोग, अल्पसंख्यक आयोग एवं खादी बोर्ड द्वारा महिलाओं को उद्योग लगाने में सहायता देने वाली योजनाओं की जानकारी भी दी गई। जयपुर हस्तशिल्प संस्था की प्रतिनिधि शारदा कुमावत ने हस्तशिल्प कला के क्षेत्र में सरकार के द्वारा दी जाने वाली सहायता योजनाओं की महिला उद्यमियों को जानकारी दी गई एवं माई राइट संस्था के प्रतिनिधि रितु शर्मा ने विभिन्न बैंकों की ऋण संबंधी योजनाएं एवं उन पर लगने वाले ब्याज आदि की जानकारी महिला उद्यमियों के लिए विशेष रूप से दी गई। संस्था के द्वारा इस अवसर पर महिला स्टार्टअप योजना की भी विस्तृत जानकारी दी गई, यह बताया गया कि किस तरीके से केंद्र व राज्य सरकार नए स्टार्टअप को अपने यहां रजिस्टर्ड कर उन्हें तकनीकी, वित्तीय सहायता प्रदान करती है यदि कोई महिला किसी भी क्षेत्र में अपना स्टार्टअप लगाती है तो संस्था के द्वारा केंद्र राज्य सरकार के यहां उसका निशुल्क रजिस्ट्रेशन करा कर उनको फंडिंग की जानकारी भी दी जाएगी। इस अवसर पर शिल्पी फाउंडेशन की प्रतिनिधि शिल्पी अग्रवाल, अग्रवाल महिला संगठन के प्रतिनिधि दीपाली अग्रवाल, सर्वोदय विकास संस्था के प्रतिनिधि संगीता भारतीय, जीवन लक्ष्य फाउंडेशन के संस्थापक अंजू गर्ग, तक्षशिला ज्ञान मंदिर के निदेशक उषा मुहाल, भारतीय महिला संगठन के प्रतिनिधि संतोष मीणा, जैसलमेर महिला संगठन की प्रतिनिधि गायत्री भाटिया, महिला पावर संस्था की निदेशक सीए हिना कुरेशी, कामकाजी महिला संगठन के प्रतिनिधि अनिता चौधरी एवं उड़ान भारती फाउंडेशन के निदेशक भारतीय जैन, यूको बैंक की वरिष्ठ शाखा प्रबंधक शानू अग्रवाल आदि ने भी महिला उद्यमशीलता पर अपने विचार रखें।




## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर '**शाबाश इंडिया**' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**

shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com